Seventeenth Loksabha

>

Title: Advisory regarding COVID-19 pandemic to the Members of Parliament.

माननीय अध्यक्ष : माननीय सदस्यगण, मैं पुन: आपसे आग्रह करना चाहता हूं । पूरा देश इस विपरीत परिस्थिति के अंदर देख रहा है कि संसद किस तरीके से सबके सामूहिक प्रयासों से देश हित में काम कर रही है। माननीय मुलायम सिंह यादव जी जैसे वरिष्ठ सांसद भी इस परिस्थिति में पधारे हैं कि लोकतंत्र मजबूत हो जाए । मेरा आपसे आग्रह है कि हम एक व्यक्ति नहीं हैं, हम एक संस्था हैं और 15 लाख लोगों का प्रतिनिधित्व करते हैं। कोरोना संकट को देखते हुए, जो हमारी गाइडलाइन्स हैं, जैसे मास्क पहनना, सुरक्षित रहने के लिए सीट के सामने शीट लगाना और डिस्टेंस मेनटेन करना आदि । मेरा आपसे आग्रह है कि सभी व्यवस्था की दृष्टि से बैठकर बोलें । मैं सभी माननीय सदस्यों को पर्याप्त समय और पर्याप्त अवसर दूंगा ।